# ऋण अनुशासन का पालन करें

वित्तीय साक्षरता सप्ताह

5-9 जून 2017

## बुद्धिमानी से उधार लें

ऋण चुकाने की अपनी क्षमता के अनुसार बुद्धिमानी से ऐसी परिसंपत्ति में निवेश करने के लिए उधार लें जिससे आमदनी हो और जिसका मूल्य बढ़ सके। अच्छे उधार के उदाहरण निम्नवत हैं:

- घर खरीदने के लिए बंधक ऋण
- बच्चों की उच्च शिक्षा के लिए शिक्षा ऋण। ऑनलाइन आवेदन करने के लिए विद्यालक्ष्मी पोर्टल देखें। (https://www.vidyalakshmi.co.in)
- अपने कारोबारी सपनों को पूरा करने के लिए सूक्ष्म और लघु उद्यम ऋण। इसके लिए उद्यमी मित्र पोर्टल देखें। (https://www.udyamimitra.in)



## उधार लेने के बाद

- किस्त चुकाने में चूक न करें।
- ऋण चुकाने में विलंब करने से आपकी क्रेडिट हिस्ट्री/ क्रेडिट स्कोर पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है।
- किस्त चुकाने में विलंब होने की स्थिति में हमेशा अपने बैंकर को इसकी जानकारी दें।
- अपने ऋण को समय पर चुकाएं क्योंकि इससे अच्छी क्रेडिट हिस्ट्री बनती है।

## क्रेडिट स्कोर

आपकी क्रेडिट हिस्ट्री तथा अन्य संबंधित कारकों के आधार पर आपको क्रेडिट स्कोर मिलता है। यह स्कोर जितना अधिक होगा आपकी ऋण पात्रता उतनी अच्छी होगी और ऋण मिलने की संभावना बेहतर होगी।




## निःशुल्क क्रेडिट रिपोर्ट

जिनका क्रेडिट इतिहास है वे निम्नलिखित चार क्रेडिट सूचना कंपनियों में से किसी एक से वर्ष में एक बार (जनवरी-दिसंबर) निःशुल्क रूप से क्रेडिट स्कोर सहित संपूर्ण क्रेडिट रिपोर्ट प्राप्त कर सकते है।

1. Trans Union Credit Information Bureau (India) Limited
2. Equifax Credit Information Services Private Limited
3. Experian Credit Information Company of India Private Limited
4. CRIF High Mark Credit Information Services Private Limited

वित्तीय साक्षरता – विकास का रास्ता

ऋण अनुशासन का पालन

वित्तीय समावेशन एवं विकास विभाग
भारतीय रिज़र्व बैंक
www.rbi.org.in